RAF SECTOR
NEWS CLIP
28/09/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant News , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने साइकिल रैली का किया स्वागत

अनंत न्यूज राजस्थान

जयपुर। रेपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिव्यांग पैरा साईकिलिंग अभियान दल का जयपुर के गाढोता में पहुँचने पर साईकिल अभियान प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया गया। कार्यक्रम में 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के खेल मंत्री अशोक चांदना और विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ राजस्थान सेक्टर के उपमहानिरीक्षक जीएल मीना ने शिरकत की।

कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इतिहास को विस्तार से वर्णित कर बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के आंतरिक सुरक्षा योद्धा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जान की परवाह किये बिना सक्रिय रूप से देश सेवा कर रहे हैं। कर्तव्य पथ पर हर समय उनके जीवन के लिए खतरा बना रहता है। सीआरपीएफ के अनेक शूरवीरों ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया है। कई निर्भीक योद्धा गंभीर रूप से घायल होते हैं और अपनी सेवा के दौरान शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को खो देते हैं। इन दिव्यांग योद्धाओं के सहयोग के लिए, सीआरपीएफ ने इन योद्धाओं के गौरव, मनोबल और आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से अनेक कल्याणकारी कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया है। जिसके कम में कभी हार न मानने वाले केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल इन दिव्यांग योद्धाओं की एक टीम द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म की 151वी जयंती के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट और पैरा साइक्लिंग के बारे में जागरूकता फैलाने के आशय से साबरमती आश्रम, अहमदाबाद (गुजरात) से राजघाट, नई दिल्ली तक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक साईकिल अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कम में पैरा साईकिलिंग अभियान दल साबरमती आश्रम, अहमदाबाद से रवाना होकर आज जयपुर के गाढोता में पहुँचा है और लगभग 900 किलोमीटर की दुरी तय करने के उपरान्त दिनांक 2 अक्टूबर को को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म की 151वी जयंती के अवसर पर राजघाट नई दिल्ली पहुँचेगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि खेल मंत्री अशोक चांदना नें पैरा साईकिलिंग अभियान दल के स्वागत कार्यक्रम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया अदा किया। और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिव्यांग योद्धाओं द्वारा आयोजित पैरा साईकिलिंग रैली को प्रेरणादायक बताते हुए अभियान दल द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा और दिव्यांग योद्धाओं के साहस की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक जीएल मीना ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीजी की 151वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिव्यांग योद्धाओं द्वारा इस साईकिल अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति, सामाजिक सद्भावना, फिट इंडिया मूवमेंट और पैरा साइक्लिंग जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है जिससे आने वाले समय में हमारा देश निरन्तर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जिस नव भारतवर्ष की परिकल्पना की थी उसको साकार किया जा सके। इसी संदेश को जन-जन तक पहुँचाने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ व संसाधनों से युक्त देश के निमार्ण में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर खेल मंत्री अशोक चांदना, सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक जीएल मीना, एसडीआरएफ की कमांडेंट डॉ अमृता दुहन, केके पाण्डेय, रेपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह समेत सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Navjyoti , Jaipur (R.J)

जान पर खेलकर देश की सेवा करते हैं जवान: चांदना

नवज्योति/जयपुर, जमवारामगढ़। जयपुर के लालवास स्थित 83 बटालियन द्रुत कार्य बल के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिव्यांग पैरा साईकिलिंग अभियान दल का गाढ़ोता पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रवीण कुमार ने प्रदेश सरकार के खेल मंत्री अशोक चांदना सहित अन्य लोगों को कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उनका आभार जताया। मुख्य अतिथि अशोक चांदना ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दिव्यांग योद्धाओं की ओर से आयोजित पैरा साइकिलिंग रैली को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान अपना जीवन खतरे में डालकर देश की सुरक्षा करते हैं। वह एक निर्भीक योद्धा के रूप में अपना कर्तव्य निभाते हैं। कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक जीएल मीणा ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151 जयंती पर सीआरपीएफ के दिव्यांग योद्धाओं द्वारा इस साइकिल अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति, सामाजिक सद्भावना, फिट इंडिया मूवमेंट और पैरा साइकिल जैसे मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक करना।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।